STATEMENT LAID ON THE TABLE OF THE LOK SABHA ON 3-8-1970 IN REPLY TO THE UNSTARRED QUESTION NO. 1079

Amounts of Central aid given to the State of Jammu and Kashmir for various purposes during 1967-68, 1968-69 and 1969-70

(Rs. in crores)

Year	Grants-in-aid under Article 275 (1) of the Consitution	Assistance for Plan schemes			Assistance for non-Plan purposes			Total
		Loan	Grant	Total	Loan	Grant	Total	
1967-68	6.57	17.58	4.96	22.54	3.77	9.18	11.95	42.06
1968-69	6.57	17.08	5.12	22.20	4.92	11.33	16.25	45.02
1969-70	16.81	15.53	7.93	23.46	57.90	5.53	63.43	103.70

Note—Figures are provisional

अभावग्रस्त क्षेत्रों को राहत के लिये मध्यप्रदेश को ऋण

1080. **श्री वंश नारायण सिंह :**
श्री हुकम चन्द कछवाय :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश सरकार ने केन्द्रीय सरकार से उस राज्य के अभावग्रस्त क्षेत्रों को राहत देने के लिये अनुदान और ऋण देने की मांग की है;

(ख) यदि हां, तो इस प्रयोजन के लिए कितने अनुदान और ऋण की मांग की गई है; और

(ग) सरकार द्वारा इस बारे में क्या कार्यवाही की गई है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल): (क) से (ग). मध्य प्रदेश सरकार ने यह सूचित किया है कि राज्य के कुछ भागों में, 1969 में वर्षा न होने के कारण, राहत-कार्य शुरू करना आवश्यक हो गया है और ये कार्य अक्टूबर 1970 तक जारी रखने पड़ेंगे। राज्य सरकार ने अनुरोध किया है कि केन्द्रीय अधिकारियों के एक दल द्वारा इस बात का अनुमान लगवाया जाए कि इन राहत कार्यों के लिए कितनी धनराशि की आवश्यकता होगी। अतः केन्द्रीय अधिकारियों का एक दल, शीघ्र ही इस संबंध में राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ बात-चीत करेगा।

तस्करी के माल का पकड़ा जाना

1081. **श्री वंश नारायण सिंह :**
श्री हुकम चन्द कछवाय :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सीमा-शुल्क विभाग के अधिकारियों ने मई, 1970 के उत्तरार्द्ध में बम्बई में जुहू तट के निकट नावों से लगभग 1.50 करोड़ रुपये की कीमत की घड़ियां, सोना और घड़ी के फीते बरामद किये;